# तेरी मोरछड़ी बाबा | By Ashish Sharma

तेरी मोरछड़ी बाबा जब भी लहराती है
भक्तों के दु:ख सारे ये पल में मिटाती है
तेरी मोरछड़ी बाबा...........

जो दीन दुखी तेरे दरबार में है आता
तेरी मोचड़ी से वो पल भर में तर जाता
सारे कष्टों की वो औषधि बन जाती है
भक्तों के दु:ख सारे ये पल में मिटाती है
तेरी मोरछड़ी बाबा...........

तेरी मोचड़ी बाबा थामे रहना हर दम
जो आये शरण तेरी कट जाएँ सारे गम
तेरी मोरछड़ी बाबा हर दु:ख से बचाती है
भक्तों के दु:ख सारे ये पल में मिटाती है
तेरी मोरछड़ी बाबा...........

अपने भक्तों को तुम झाड़ा देना इसका
जैसा हो जिसका दु:ख कट जाए वो सबका
हरी मोरछड़ी तेरी किरपा बरसाती है
भक्तों के दु:ख सारे ये पल में मिटाती है
तेरी मोरछड़ी बाबा...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%9b%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-by-ashish-sharma/